**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**JODHPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous Bail Application No. 9171/2025

Parbhu Ram

----Petitioner

Versus

State of Rajasthan

----Respondent

---

For Petitioner(s) : श्री बुद्धा राम गोदारा
For Respondent(s) : श्री हाथी सिंह जोधा, लोक अभियोजक

---

**HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR**

**Order**

**06/03/2026**

अभियोग पत्र के पद संख्या तीन में यह तथ्य उल्लेखित है कि प्रकरण हाजा में अनुसंधान, बयान गवाहान व घटनास्थल की बीटीएस विश्लेषण, संदिग्ध आरोपी की सीडीआर विश्लेषण, प्रकरण हाजा बरामदा गाडी में मिले लिफाफे के संबंध में एम मिन्त्रा कंपनी से पत्राचार किया जाकर प्राप्त रिकॉर्ड जिसमें बरामदा लिफाफे की डिलीवरी प्राप्त कर्त्ता के मोबाइल नंबर 7082025708 तथा चौधरी प्रभू भगवान चौधरी होटल की एक ई–मेल ऐड्रस, अभियुक्त प्रभू राम की लोकेशन व रूट चार्ट से अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट व धारा 419, 471 भारतीय दंड संहिता का अपराध बखूबी प्रमाणित है।.

इस संदर्भ में न्यायालय के समक्ष जो अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है उसमें तथाकथित पत्राचार से संबंधित रिकॉर्ड, संबंधित कंपनी के आपराधिकृत व्यक्ति के बयान, मोबाइल संख्या 7082025708 की कॉल डिटेल व रूट चार्ट और इसके संदर्भ में किये गये विश्लेषण अभियोग पत्र के साथ संलग्न नहीं है।

इस संबंध में विद्वान लोक अभियोजक को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आरोप पत्र में वर्णित अनुसंधान के विश्लेषण के तथ्यों के संदर्भ में

न्यायालय के समक्ष वर्णित तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ अनुसंधान पत्रावली आगामी तिथि पर प्रस्तुत करे।

प्रकरण दिनांक 19.03.2026 को सूचीबद्ध किया जावे।

**(PRAVEER BHATNAGAR),J**

17-Dhanraj Jajoria /-